खबर कोना

खदानों में अधिशेष जांच और कोयला भंडार माप का आयोजन

कोलकाता, 4 मई (जनसत्ता)।

कोयला मंत्रालय, सीआइएल और सहायक कंपनियों के मार्गदर्शन में सतर्कता इकाइयों ने सभी सहायक कंपनियों की खदानों में राष्ट्रव्यापी अधिशेष जांच और कोयला भंडारण माप का आयोजन किया। यह अभ्यास सुशासन और प्रभावी निवारक सतर्कता के लिए किया गया। सीआइएल की सात कोयला उत्पादक कंपनियों के 14 खनन क्षेत्रों में 25 से अधिक स्थानों पर सतर्कता टीमों द्वारा वेटब्रिज सीसीटीवी कैमरों और अन्य आइटी पहल का निरीक्षण किया गया। सीवीओ सीआइएल और सहायक कंपनियों के सीवीओ ने क्षेत्र में अपने दौरे के दौरान निरीक्षण किया।

'मोदी को तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण में विश्वास'

पटना, 4 मई (भाषा)।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद एवं कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'तुष्टिकरण' की नहीं, बल्कि 'संतुष्टिकरण' की राजनीति में विश्वास करते हैं। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए सिन्हा ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने तुष्टिकरण के बजाय देश के लोगों की संतुष्टिकरण का रास्ता चुना। हमारे प्रधानमंत्री तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण की राजनीति में विश्वास करते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, वे (राजद और उसके गठबंधन सहयोगी) अपनी वोटबैंक की राजनीति के तहत 'सनातन धर्म को निशाना बनाते हैं।

मिजोरम में जीएसटी संग्रह अप्रैल में रिकार्ड 52 फीसद बढ़ा

एजल, 4 मई (भाषा)।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि राज्य में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में रिकार्ड 52 फीसद बढ़ा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए लालदुहोमा ने शुक्रवार को कहा कि मिजोरम में अप्रैल में जीएसटी संग्रह 108 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल इसी महीने में राज्य का जीएसटी संग्रह 71 करोड़ रुपए रहा था। उन्होंने जीएसटी संग्रह में वृद्धि का श्रेय राज्य के वित्त, योजना और कराधान विभाग द्वारा किए गए बड़े प्रयासों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह में वृद्धि का कारण वित्त, योजना और कराधान विभागों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए प्रयास हैं। विशेष रूप से जनता और व्यापारिक समुदाय हमारे राजस्व को बढ़ाने के लिए कर देने के महत्व से अवगत है। उन्होंने दावा किया कि विधायकों और अधिकारियों द्वारा लागू किए जा रहे कम खर्च के उपायों के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति स्थिरता की ओर बढ़ रही है। इससे सरकार के कामकाज में प्रगति देखने को मिल रही है।

संदेशखाली प्रकरण को साजिश बताते हुए भाजपा नेता का 'स्टिंग' वीडियो सामने आया

ममता का दावा, भाजपा ने लिखी साजिश की पटकथा

चकदाह, 4 मई (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर संदेशखाली घटना की 'पटकथा' लिखने का आरोप लगाया और सवाल किया कि एक महिला द्वारा राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप क्यों हैं।

बनर्जी ने नादिया जिले के चकदाह में एक चुनावी रैली में दावा किया, 'संदेशखाली की पूरी घटना पूर्वनियोजित थी। भाजपा ने इसकी अच्छी तरह से पटकथा लिखी थी। सच सामने आ गया है। मैं लंबे समय से यह कह रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने पूरा वीडियो नहीं देखा है। मैं इसे जरूर देखूंगी।' शनिवार को, तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि संदेशखाली प्रकरण लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल को बदनाम करने के लिए भाजपा द्वारा रची गई एक साजिश थी। बनर्जी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने संदेशखाली के संबंध में 'संदेश' दिया, लेकिन केंद्र के प्रतिनिधि (राज्यपाल) के यौन उत्पीड़न मुद्दे पर चुप रहे।

बंगाल को बदनाम करने की भाजपा की साजिश : तृणमूल

संदेशखाली मुद्दे पर भाजपा ने सत्ताधारी पार्टी के वीडियो को फर्जी बताया

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि चौंकाने वाले संदेशखाली स्टिंग में यह प्रदर्शित होता है कि भाजपा के भीतर कितनी गहरी सड़ांध है। उन्होंने कहा कि बंगाल की प्रगतिशील सोच और संस्कृति के प्रति अपनी नफरत में, 'बांग्ला-विरोधियों' ने हमारे राज्य को हर स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची। बनर्जी ने कहा कि भारत के इतिहास में पहले कभी भी दिल्ली में सत्तारूढ़ दल ने पूरे राज्य और उसके लोगों को बदनाम करने की कोशिश नहीं की। इतिहास इस बात का गवाह बनेगा कि कैसे बंगाल दिल्ली के षड्यंत्रकारी शासन के खिलाफ गुस्से में उठेगा और उसके विसर्जन को सुनिश्चित करेगा। तृणमूल ने स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का जिक्र करते हुए कहा कि अब सब कुछ खुल चुका है। मोदी-शाह, केंद्रीय एजंसियों और उनके सहयोगियों की भयावह साजिश बेनकाब हो गई है। बर्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए, मोदी ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखालि में पीड़िताओं के प्रति उदासीनता के लिए तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की थी। संदेशखाली में राज्य में सत्तारूढ़ दल के नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप सामने आए हैं। तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा, संदेशखाली स्टिंग वीडियो देखकर मैं स्तब्ध हूं और मेरे पास शब्द नहीं हैं।भाजपा द्वारा अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए पश्चिम बंगाल की छवि धूमिल करने की बांग्ला-विरोधी कोशिश को अवश्य देखना चाहिए।

संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर पार्टी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि यह प्रकरण लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल को बदनाम करने के लिए भाजपा की एक 'साजिश' थी।

कथित वीडियो में, संदेशखाली में भाजपा के मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को यह कहते सुना जा सकता है कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है।

उक्त व्यक्ति ने वीडियो में आरोप लगाया कि अधिकारी ने उसे और क्षेत्र के अन्य भाजपा नेताओं को 'शाहजहां शेख सहित तीन तृणमूल नेताओं के खिलाफ बलात्कार के आरोप लगाने के लिए तीन-चार स्थानीय महिलाओं को उकसाने' को कहा था। एजंसी ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है। इसे लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हैं।

राज्यपाल के खिलाफ उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए टीम गठित

गवाहों से होगी पूछताछ, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज मांगे

कोलकाता, 4 मई (भाषा)।

कोलकाता पुलिस ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक जांच टीम का गठन किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि टीम अपनी जांच के तहत अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी और उसने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध किया है। संविधान के अनुच्छेद-361 के तहत किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने एक जांच टीम का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगी। हमने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने पर उसे साझा करने का भी अनुरोध किया है। यह पूछे जाने पर कि राज्यपाल को संवैधानिक छूट मिलने के बावजूद पुलिस कैसे जांच शुरू कर सकती है? पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी शिकायत, खासकर किसी महिला से शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू करना एक नियमित प्रक्रिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें किसी के भी द्वारा दी गई शिकायत की जांच करनी होती है। यह एक नियमित प्रक्रिया है और हम बस इसका पालन कर रहे हैं और यदि आवश्यकता हुई तो हम घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं।

राज्यपाल को संवैधानिक छूट मिलने का मामला भी उठा

राज्यपाल प्रकरण पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने एक जांच टीम का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगी। हमने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने पर उसे साझा करने का भी अनुरोध किया है। यह पूछे जाने पर कि राज्यपाल को संवैधानिक छूट मिलने के बावजूद पुलिस कैसे जांच शुरू कर सकती है?

राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने शुक्रवार को बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। राजभवन ने एक बयान जारी कर कहा है कि बोस ने चुनाव के दौरान 'राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए अनधिकृत, नाजायज, दिखावटी और प्रेरित जांच' की आड़ में राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। इसे लेकर राज्य में सियासत तेज हो गई है। उधर, तृणमूल के लोग हमलावर हैं।

पद से हटाए गए कुणाल ने की डेरेक से मुलाकात

कोलकाता, 4 मई (भाषा)।

तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद से हटाए गए कुणाल घोष ने सुलह के संकेत देते हुए शनिवार को राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन से मुलाकात की। घोष, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के साथ दोपहर में बालीगंज स्थित डेरेक के कार्यालय गए। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली।

तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी के रुख से अलग बयान देने के लिए बुधवार को कुणाल घोष को पार्टी के पश्चिम बंगाल महासचिव पद से हटा दिया था। तृणमूल ने यह कदम कोलकाता उत्तर से भाजपा के उम्मीदवार तापस राय के साथ उनके मंच साझा करने और उनकी प्रशंसा करने के कुछ घंटों बाद उठाया। घोष को पद से हटाने की घोषणा डेरेक ने ही की थी। बैठक के बाद बसु ने कहा, संगठन को मजबूत करने और भाजपा से एकजुट होकर लड़ने पर चर्चा हुई। कोई मनमुटाव नहीं है।

प्रत्याशियों को रसदार फल और सलाद दिला रही गर्मी से राहत

कोलकाता, 4 मई (भाषा)।

पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए प्रचार के दौरान भीषण गर्मी से बचने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार अपने आहार में प्रचुर मात्रा में तरल पदार्थ, रसदार फल और सलाद को शामिल कर रहे हैं।

आसनसोल सीट से भाजपा के उम्मीदवार एसएस अहलूवालिया (73) ने भीषण गर्मी के कारण चुनाव प्रचार में आ रही बाधाओं पर भाजपा नेता ने कहा, मैं चुनाव को बहुत गंभीरता से लेता हूं और सुबह-शाम चार-चार घंटे प्रचार कर रहा हूं। कभी-कभी मैं अपने खुली छत वाले वाहन का हैंडल नहीं पकड़ पाता हूं, क्योंकि वह इतना गर्म हो जाता है कि त्वचा झुलस जाती है। इससे बचने के लिए मैं अपनी हथेली पर एक तौलिया लपेटता हूं। अप्रैल महीने के आखिरी दिन मंगलवार को कोलकाता का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो राज्य की राजधानी में 50 वर्षों में सबसे अधिक तापमान था।

अलग-अलग राजनीतिक दलों से होने बावजूद उम्मीदवार भीषण गर्मी के बीच स्वस्थ रहने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। दक्षिण कोलकाता लोकसभा सीट से माकपा की उम्मीदवार सायरा शाह हलीम की आहार सूची में पानी, फल, फलों का रस और सलाद शामिल हैं। हलीम ने दोपहर की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए अपने दैनिक प्रचार अभियान की दिनचर्या सुबह साढ़े सात बजे से पूर्वाह्न 10 बजे तक और शाम चार बजे से रात नौ बजे तक निर्धारित की है। मैं शरीर में पानी की उपयुक्त मात्रा रखने के लिए खूब पानी, नींबू पानी और फलों का रस पीती हूं।

मीसा भारती ने आरोपों के जांच की मांग की

पटना, 4 मई (भाषा)।

राजद सांसद मीसा भारती ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की गहन जांच की मांग की। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी मीसा ने भाजपा में प्रभावशाली राजनीतिक परिवारों से आने वाले कई लोगों के होने के बावजूद राजनीति में परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए सत्तारूढ़ दल की आलोचना की।

पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमा रही राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने कहा, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल महोदय के खिलाफ आरोप चिंता का विषय है। मामले में गहन जांच और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल राजभवन के एक संविदा कर्मचारी ने बोस के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। राजभवन ने आरोपों को नाटकीय कहानी बताया है। श्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस मामले में 'चुप्पी' पर सवाल उठाया है। भारती ने यह भी कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा के साथ के लोग सभी गलत कामों से बच सकते हैं। 'परिवारवाद' के आरोप को देखें जो वे हम पर थोपते रहते हैं, वे खुद को क्यों नहीं देखते। बहुत सारे लोग जिनके राजनीतिक कद का श्रेय उनके परिवारों को जाता है, को भाजपा द्वारा संरक्षण दिया गया है। उधर, इस घटना को लेकर राज्य में राजनीति गरमा गई है। भाजपा के लोग भी घबराए हुए से लगते हैं। खास बात यह है कि इस चुनावी मौसम में हर कोई इसका लाभ लेना चाहता है।

भारती ने यह भी कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा के साथ के लोग सभी गलत कामों से बच सकते हैं। 'परिवारवाद' के आरोप को देखें जो वे हम पर थोपते रहते हैं, वे खुद को क्यों नहीं देखते।

राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने शुक्रवार को बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। राजभवन ने एक बयान जारी कर कहा है कि बोस ने चुनाव के दौरान 'राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए अनधिकृत, नाजायज, दिखावटी और प्रेरित जांच' की आड़ में राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। इसे लेकर राज्य में सियासत तेज हो गई है। उधर, तृणमूल के लोग हमलावर हैं।

गौरतलब है कि इस मसले पर अब पूरे देश में राजनीति गरमाने लगी है। गैरभाजपा दल राज्यपाल पर हमलावर हो रहे हैं।

'भाजपा को रोकने के लिए विपक्षी एकजुटता जरूरी'

कोकराझार, 4 मई (भाषा)।

तृणमूल कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने कहा है कि चुनाव के बाद भाजपा को रोकने के लिए विपक्षी एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में संयुक्त रूप से विपक्षी उम्मीदवार नहीं उतारने से न तो लोकसभा चुनाव के नतीजे पर कोई प्रभाव पड़ेगा और न ही सत्तारूढ़ दल को किसी तरह का फायदा होगा। उन्होंने दावा किया कि भले ही विपक्षी दल असम में कुछ लोकसभा सीट पर एक-दूसरे के आमने-सामने हों, लेकिन भाजपा को इसका फायदा नहीं मिलेगा। बोरा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने उन निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को उतारने से परहेज किया है, जहां सत्तारूढ़ दल के खिलाफ चुनाव लड़ रही पार्टी के पास मजबूत जनाधार है।

बोरा ने एक साक्षात्कार में कहा, राज्य में विपक्ष द्वारा संयुक्त उम्मीदवार नहीं उतारे जाने से भाजपा को फायदा नहीं होने वाला क्योंकि हमने बेहद चतुराई से उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जोरहाट, नगांव, धुबरी और करीमगंज जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में हमने विपक्ष को विभाजित नहीं होने दिया और उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे खेमे के वोट कांग्रेस को मिलेंगे। उन्होंने कहा, जहां हमने देखा है कि कांग्रेस शक्तिशाली है और भाजपा को टक्कर दे सकती है वहां हमने खासकर तृणमूल कांग्रेस ने वोटों को बंटने नहीं दिया, लेकिन जिन सीट पर हमने देखा कि कांग्रेस मुकाबला नहीं कर सकती, संगठन कमजोर है तो वहां तृणमूल कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। तृणमूल कांग्रेस ने कोकराझार और बारपेटा सहित चार निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जहां सात मई को मतदान होना है।

छह घंटे तक धू-धूकर जलती रही फैक्टरी

मुजफ्फरपुर, 4 मई (एजंसी)।

मुजफ्फरपुर में प्लाइवुड फैक्टरी में आग लगने से एक करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो गया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

आग की वजह से फैक्टरी में सो रहे मजदूरों में अफरातफरी मच गई। मोतीपुर के मोरसंडी गांव में प्लाइवुड फैक्टरी में आग लग गई। इससे भारी नुकसान हुआ है।

पश्चिम बंगाल

रुपहले पर्दे के दिग्गजों को सियासत में उतारने का चलन बढ़ा

चुनाव मैदान में अभिनय जगत की कई हस्तियां

कोलकाता, 4 मई (भाषा)।

पश्चिम बंगाल में प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा रुपहले पर्दे की हस्तियों को चुनाव मैदान में उतारने का चलन इस आम चुनाव में भी बदस्तूर जारी है, जहां गुजरे जमाने के अभिनेता समकालीन सितारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़ रहे हैं। फिल्मी हस्तियों की संख्या के लिहाज से राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पहले की तरह इस बार भी अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है। राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ रहे नौ फिल्मी सितारों में से छह तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

वहीं राज्य में विपक्षी दल भाजपा ने दो फिल्मी हस्तियों को टिकट दिया है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने विपक्षी वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश के तहत टालीगंज फिल्म एवं टीवी जगत के एक प्रमुख अभिनेता को उम्मीदवार बनाया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने 70 और 80 के दशक के बालीवुड अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा पर भरोसा जताते हुए उन्हें आसनसोल लोकसभा सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाया है।

तृणमूल कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए टालीगंज के अभिनेता दीपक अधिकारी उर्फ देव को घाटल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। ममता ने जादवपुर और मेदिनीपुर निर्वाचन क्षेत्रों से समकालीन अभिनेता-सह-राजनेता सायोनी घोष और जून मालिया को उम्मीदवार बनाया है।

तृणमूल कांग्रेस ने 80 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री शताब्दी राय को बीरभूम से उम्मीदवार बनाया है जो चौथी बार लोकसभा सदस्य बनने को प्रयासरत हैं। पार्टी ने हुगली सीट से 90 के दशक में बंगाली फिल्म की सफल अभिनेत्री रहीं पूर्व मिस कलकत्ता रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है जो छोटे पर्दे की एक लोकप्रिय कार्यक्रम प्रस्तोता भी हैं। इनके कार्यक्रमों को खूब पसंद किया जाता है।

भाजपा ने जिन फिल्मी सितारों पर भरोसा जताया है उनमें हुगली सीट से उम्मीदवार लाकेट चटर्जी और घाटल सीट से उम्मीदवार एवं टालीवुड कलाकार हिरन चटर्जी शामिल हैं। देव ने कहा, मेरा सपना घाटल 'मास्टरप्लान' को लागू करना है जो क्षेत्र में बार-बार आने वाली बाढ़ से लोगों को होने वाली परेशानी को खत्म कर देगा। मैं 2014 से इस परियोजना को लागू करने की कोशिश कर रहा हूं और मेरा मानना है कि कुछ और समय तक मुझे राजनीति में बने रहना चाहिए और मैंने जो शुरू किया है उसे पूरा करना चाहिए।

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
अंकित मेटल एंड पॉवर लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	अंकित मेटल एंड पॉवर लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	07 अगस्त, 2002
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय-आरओसी कोलकाता
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	L27101WB2002PLC094979
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालय: 35, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता, पश्चिम बंगाल 700012 कॉर्पोरेट कार्यालय: एसकेपी हाउस, 132ए, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700026 वेबसाइट: https://www.ankitmetal.com/
6.	कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	03 मई, 2024
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	29 अक्टूबर, 2024 (ऋणशोधन अक्षमता प्रारम्भ होने की तिथि से 180 दिन)
8.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	क्षितिज छावछरिया पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00358/2017-18/10616
9.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	वाया बी. छावछरिया एंड कंपनी, 8ए तथा 8बी सत्यम टावर्स, 3 अलीपुर रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700027 ई: kshitiz@bccoindia.com (एएफए 22 जनवरी 2025 तक वैध)
10.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त पता और ई-मेल	क्षितिज छावछरिया, वाया जीटी रीस्ट्रक्चरिंग सर्विसेज एलएलपी, यूनिट 1603 और 1604, इको सेंटर, प्लॉट नं. 4, गली नंबर 13, ईएम ब्लॉक, सेक्टर-पी, विधाननगर, कोलकाता -700091, पश्चिम बंगाल ई: ip.ankitmetal@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि	17 मई, 2024 (एनसीएलटी आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 14 दिन)
12.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियाँ, यदि कोई हो	प्रयोज्य नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋण शोधन अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	प्रयोज्य नहीं
14.	(क) सम्बन्धित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण उपलब्ध हैं।	(क) वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads (ख) प्रयोज्य नहीं

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, कोलकाता पीठ ने सी.पी. (आईबी) सं. 91/केबी/2023 के मामले में अंकित मेटल एंड पॉवर लिमिटेड के विरुद्ध 03 मई, 2024 को कॉर्पोरेट शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया आरम्भ करने का आदेश दिया।
अंकित मेटल एंड पॉवर लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 17 मई, 2024 को अथवा इससे पूर्व अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर प्रविष्टि 10 के सामने वर्णित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

क्षितिज छावछरिया
अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल
अंकित मेटल एंड पॉवर लिमिटेड
(IBBI/IPA-001/IP-P00358/2017-18/10616)
एएफए 22 जनवरी, 2025 तक वैध
ई: ip.ankitmetal@gmail.com

तिथि : 05 मई, 2024
स्थान : कोलकाता

www.readwhere.com